लेखकों ने लिखा कि केप अहम जानकारी मुहैया करता है, लेकिन निवेश निर्णयों में यही तय करने का एकमात्र पैमाना नहीं होना चाहिए। जोशी जैकब ने लिखा कि भारतीय फर्मों की बदलती प्रकृति, जहां प्रौद्योगिकी और स्टार्टअप की ज्यादा सूचीबद्धता हो रही है, से मूल्यांकन बढ़ सकते हैं। उन्होंने कहा, भारतीय फर्मों की उत्पादकता में कुछ हद तक सुधार हुआ है। जैकब के अनुसार, फिर भी केप अनुपात और भविष्य में अपेक्षित रिटर्न के बीच व्यापक विपरीत संबंध बरकरार रहेगा। अमेरिका जैसे विकसित बाजारों में ऐसा देखा गया है।

बीएसई सेंसेक्स ने सितंबर 2024 में अब तक के सर्वोच्च स्तर 85,978 अंक को छुआ था। शुक्रवार को यह 82,408 अंक पर बंद हुआ।

टाटा म्युचुअल फंड के वरिष्ठ फंड मैनेजर चंद्रप्रकाश पडियार कहते हैं कि आय वृद्धि की गुंजाइश अभी भी है, जिससे महंगा मूल्यांकन कम हो सकता है। 2008-09 के शीर्ष समय के दौरान कंपनियों का लाभ सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का करीब 6.8 फीसदी था। यह अभी करीब 5.3 फीसदी है। अर्थव्यवस्था के औपचारिक होने जैसे संरचनात्मक परिवर्तनों के कारण इस चक्र में शिखर ऊंचा हो सकता है, जिससे सूचीबद्ध कंपनियों के लिए कारोबार ज्यादा हो सकता है। साथ ही कंपनियों को पहले की तुलना में बिक्री के हर रुपये पर अधिक लाभ मिल सकता है।

पडियार ने कहा, 2008-09 की तुलना में आज कंपनियों का आय से कहीं अधिक मुनाफा मार्जिन (400 आधार अंक तक) है। समय के साथ गिरावट के एक वर्ष में आय में सुधार के साथ मूल्यांकन कहीं बेहतर दिख सकते हैं। पडियार ने कहा कि अल्पावधि में रिटर्न कम हो सकता है, लेकिन तीन से पांच साल की अवधि में ज्यादा उचित लाभ मिल सकता है।

निफ्टी-500 इंडेक्स बीएसई सेंसेक्स के मुकाबले ऊंचे मूल्यांकन पर कारोबार कर रहा है, जो बताता है कि छोटी कंपनियों का मूल्यांकन उनकी आय की तुलना में ज्यादा है।

लेखकों ने बाजार की गतिशीलता को दर्शाते हुए कहा कि व्यापक बाजार में महत्त्वपूर्ण निवेश ने निफ्टी 500 सूचकांक और बीएसई सेंसेक्स के बीच अंतर बढ़ाने में योगदान दिया होगा। ब्लूचिप की तुलना में छोटी कंपनियों के अपेक्षाकृत कम फ्लोट और सीमित व्यापारिक गतिविधियों (यानी 'तरलता प्रीमियम') ने मूल्यांकन अंतर को बढ़ाने में योगदान दिया हो सकता है।

अध्ययन के अनुसार केप वैल्यू और ड्रॉडाउन के बीच सीधा संबंध है। ड्रॉडाउन शिखर से अधिकतम गिरावट है। केप जितना ऊंचा होगा, गिरावट या संभावित नुकसान उतना ही अधिक होगा। अध्ययन के अनुसार मूल्य और कम अस्थिरता वाले शेयर गिरावट के दौरान ज्यादा सुदृढ़ होते हैं।

# महंगे भाव व नए शेयर बाजार का मुख्य जोखिम

## 7 अप्रैल के निचले स्तर से निफ्टी मिडकैप 150 सूचकांक और निफ्टी स्मॉलकैप 250 सूचकांक करीब 17 फीसदी और 18.5 फीसदी चढ़े हैं

पुनीत वाधवा
नई दिल्ली, 20 जून

**जेफरीज** में इक्विटी रणनीति के वैश्विक प्रमुख क्रिस्टोफर वुड ने निवेशकों को हाल में भेजे अपने नोट 'ग्रीड एंड फियर' में भारतीय शेयर बाजारों को लेकर आगाह किया है। उन्होंने कहा है कि महंगे भाव (खासकर मिडकैप शेयरों के) और आरंभिक सार्वजनिक पेशकशों (आईपीओ) के माध्यम से शेयरों की नई आपूर्ति भारतीय बाजार के लिए मुख्य जोखिम हैं।

वुड ने आगाह किया कि बाजार में ताजा तेजी (हाल के निचले स्तरों से) की वजह से खासकर मिडकैप में मूल्यांकन फिर से समस्या बन गया है। 7 अप्रैल के निचले स्तर से 14.1 प्रतिशत बढ़ने के बाद अब निफ्टी इंडेक्स 12 महीने की आगामी आय के 22.2 गुना पर कारोबार कर रहा है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 7 अप्रैल के निचले स्तर से 23.7 प्रतिशत की बढ़त के बाद 12 महीने की आगामी आय के 27.1 गुना पर है।

वुड ने लिखा है, 'यही वजह है कि कंपनियां भी ऐसे मूल्यांकन का फायदा उठाने के लिए फिर से इक्विटी डाल रही हैं। पिछले महीने 7.2 अरब डॉलर के बराबर इक्विटी डालकर रकम जुटाई गई और जून में अब तक 6 अरब डॉलर इक्विटी से जुटाए जा चुके हैं। यह आपूर्ति ही बाजार के लिए मुख्य खतरा है। पिछले साल सितंबर के अंत में शुरू हुई गिरावट से पहले इक्विटी आपूर्ति लगभग 7 अरब डॉलर प्रति महीने चल रही थी।'

7 अप्रैल के स्तर से जहां निफ्टी-50 सूचकांक अब तक करीब 12 फीसदी चढ़ा है, वहीं मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांकों में ज्यादा तेजी आई है। एसीई इक्विटी के आंकड़ों से पता चलता है कि इस दौरान निफ्टी मिडकैप 150 सूचकांक और निफ्टी स्मॉलकैप 250 सूचकांक करीब 17 फीसदी और 18.5 फीसदी चढ़े हैं।

इस बीच, प्राथमिक बाजार की गतिविधियां आने वाले सप्ताह में फिर से बढ़ने वाली हैं। खबरों के अनुसार कम से कम चार कंपनियां आईपीओ के जरिए लगभग 15,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही हैं। इनमें कल्पतरु, एलेनबैरी इंडस्ट्रियल गैसेज और ग्लोब सिविल प्रोजेक्ट्स जैसे कुछ प्रमुख नाम शामिल हैं।

रिपोर्टों के अनुसार भारत के सबसे बड़े निजी ऋणदाता एचडीएफसी बैंक की इकाई एचडीबी फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड भी 25 जून को अपना 1.4 अरब डॉलर का आईपीओ ला रही है। यह अक्टूबर 2024 में ह्युंडै मोटर इंडिया आईपीओ के बाद सबसे बड़े आईपीओ में से एक होगा। ह्युंडै मोटर इंडिया ने आईपीओ के जरिये 27,000 करोड़ रुपये से अधिक जुटाए थे।

### पूंजीगत खर्च थीम

क्रिस्टोफर वुड ने लिखा है कि 1 फरवरी को बजट घोषणा के बाद से भारतीय बाजार का ध्यान निवेश के बजाय उपभोग पर केंद्रित हो गया है। उसे मौद्रिक नरमी से भी मदद मिली है और कंज्यूमर फाइनैंस क्षेत्र के शेयरों में तेजी आई है। उनका मानना है कि प्रॉपर्टी बाजार में अभी और तेजी आनी बाकी है जो 5 साल से तेजी पर है।

उनका कहना है, 'जेफरीज की नजर वाले शीर्ष सात डेवलपरों की बिक्री-पूर्व वृद्धि वित्त वर्ष 2025 में सालाना आधार पर 17 फीसदी घटने के बाद वित्त वर्ष 2026 में 22 प्रतिशत तक बढ़ने का अनुमान है। कम उधारी दर (जो अब 8 प्रतिशत है और भारतीय रिजर्व बैंक की नई दर कटौती का लाभ आगे पहुंचाने के बाद जिसके 7.5 प्रतिशत तक गिरने की उम्मीद है) से किफायती और मध्यम आय वर्ग में बिक्री को बढ़ावा मिलने की मदद है।'

### पोर्टफोलियो में बदलाव

वुड ने अपने इंडिया पोर्टफोलियो में भी बदलाव किया है, जिसमें लार्सन ऐंड टुब्रो, थर्मेक्स और गोदरेज प्रॉपर्टीज को हटाया जाएगा और इनकी जगह टीवीएस मोटर, होम फर्स्ट फाइनैंस और मणप्पुरम फाइनैंस में निवेश पर जोर दिया जाएगा।

# भारत में मौजूदगी बढ़ा रही हैं वैश्विक ट्रेडिंग फर्में

**सिटेडल** सिक्योरिटीज और आईएमसी ट्रेडिंग से लेकर मिलेनियम तथा ऑप्टिवर जैसी करीब आधा दर्जन वैश्विक ट्रेडिंग कंपनियां भारत के तेजी से बढ़ते डेरिवेटिव बाजारों में अपनी मौजूदगी बढ़ा रही हैं। इस वजह से नियुक्तियों में तेजी आ रही है और एक्सचेंजों को टेक्नोलॉजी में सुधार के लिए प्रोत्साहन मिल रहा है।

**इक्विटी डेरिवेटिव कारोबार के वॉल्यूम में विश्व में दिग्गज है भारत**

कंपनियों की नियुक्ति योजनाएं इन उम्मीदों के बीच बन रही हैं कि बड़े घरेलू उपभोक्ता और निवेशक आधार से भारत को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की व्यापार नीतियों के कारण पैदा हुई वैश्विक उथल-पुथल से बचने में मदद मिलेगी। फ्यूचर्स इंडस्ट्री एसोसिएशन का कहना है कि अप्रैल में 7.3 अरब के वैश्विक इक्विटी डेरिवेटिव ट्रेडिंग वॉल्यूम का लगभग 60 फीसदी भारत का रहा है। भारत के नियामकों का कहना है कि मार्च 2018 से अनुबंधों का कारोबार 48 गुना बढ़ गया है।

कुछ कंपनियों के अधिकारियों ने कहा कि पश्चिमी देशों की फर्मों के लिए यह अवसर बहुत बड़ा है जिसे खासकर अमेरिकी ट्रेडिंग फर्म जेन स्ट्रीट द्वारा पिछले साल अपनी इंडिया ट्रेडिंग स्ट्रैटजी से 2.34 अरब डॉलर कमाने के बाद अनदेखा नहीं किया जा सकता है। वैश्विक हाई-स्पीड ट्रेडर आईएमसी ट्रेडिंग के जोसलिन डेंटां ने कहा, 'हमने ट्रेडिंग के मोर्चे पर प्रतिस्पर्धा बढ़ती देखी है, जहां आप एक ही अवसर के लिए अधिक कंपनियां होती हैं। नौकरी बाजार में भी ऐसा ही है।'

कंपनी की भारतीय इकाई के प्रबंध निदेशक डेंटां ने कहा कि फर्म की योजना 2026 के अंत तक अपनी टीम का आकार 50 फीसदी बढ़ाकर 150 से अधिक करने की है। विदेशी निवेशक अप्रैल और मई में भारतीय शेयरों के खरीदार बन गए और उन्होंने 2.8 अरब डॉलर की शुद्ध खरीदारी की।

प्रख्यात निवेशक केनेथ ग्रिफिन की फर्म सिटेडल सिक्योरिटीज को लगभग 10 लोगों की एक छोटी टीम चलाती है, जिसमें भारत के लिए हाल में नियुक्त किए गए मुख्य परिचालन अधिकारी के साथ-साथ ट्रेडिंग के कंट्री हेड भी शामिल हैं। फर्म की योजनाओं से अवगत एक सूत्र ने बताया कि कंपनी प्रतिभाओं की तलाश कर रही है।

जानकार सूत्र ने कहा कि हेज फंड मिलेनियम दुबई और सिंगापुर के माध्यम से अपनी इंडिया डेस्क का विस्तार कर रहा है। मिलेनियम ने इस पर प्रतिक्रिया से इनकार कर दिया। नीदरलैंड की ऑप्टीवर ने वर्ष 2025 के अंत तक अपनी टीम का आकार मौजूदा 70 से बढ़ाकर 100 करने की योजना बनाई है।

नौकरियों के लिए पब्लिक पोस्टिंग से पता चला है कि एम्सटर्डम की ट्रेडिंग फर्म दा विंची और लंदन की क्यूब रिसर्च ऐंड टेक्नोलॉजीज भी भारत में क्वांटिटेटिव ट्रेडिंग पदों के लिए भर्ती कर रही हैं। *रॉयटर्स*

# सेबी ने जारी किया एआई व एमएल के इस्तेमाल पर नियमों का मसौदा

खुशबू तिवारी
मुंबई, 20 जून

**बाजार** नियामक सेबी ने बाजार प्रतिभागियों की तरफ से इस्तेमाल किए जा रहे आर्टिफिशल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग्स ऐप्लिकेशन व टूल्स की निगरानी व गवर्नेंस के लिए दिशानिर्देश का मसौदा जारी किया है। ये दिशानिर्देश जिम्मेदारी के साथ इसका इस्तेमाल सुनिश्चित करने के इरादे से लाए जा रहे हैं।

प्रस्तावित दिशानिर्देशों में इसके गवर्नेंस, निवेशक सुरक्षा, खुलासा, परीक्षण की रूपरेखा, निष्पक्षता और पूर्वाग्रह तथा डेटा गोपनीयता व साइबर सुरक्षा उपायों सहित कई प्रमुख मानक शामिल हैं। अभी स्टॉक एक्सचेंज, ब्रोकर और म्युचुअल फंडों द्वारा निगरानी, सोशल मीडिया एनालिटिक्स, ऑर्डर निष्पादन, केवाईसी प्रोसेसिंग और ग्राहक सहायता जैसे विभिन्न मकसदों के लिए एआई और एमएल का व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है।

सेबी ने प्रस्ताव दिया है कि बाजार प्रतिभागियों को एल्गोरिदमिक ट्रेडिंग, ऐसेट मैनेजमेंट, पोर्टफोलियो मैनेजमेंट और सलाहकार सेवाओं जैसे परिचालन में एआई और एमएल उपकरणों के अपने उपयोग का खुलासा करना चाहिए। खुलासे में जोखिम, सीमाएं, सटीकता परिणाम, शुल्क और डेटा गुणवत्ता के बारे में जानकारी शामिल होनी चाहिए।

एआई और एमएल का उपयोग करने वाले बाजार प्रतिभागियों को इन उपकरणों के प्रदर्शन और नियंत्रण की देखरेख के लिए तकनीकी विशेषज्ञता वाले वरिष्ठ प्रबंधन को नियुक्त करना होगा। उन्हें मॉडलों की मान्यता, दस्तावेजीकरण और व्याख्यात्मकता भी बनाए रखनी होगी। इसके अतिरिक्त उन्हें समय-समय पर सटीकता के परिणाम और ऑडिट निष्कर्षों को सेबी के साथ साझा करना होगा।

सेबी ने डेटा स्वामित्व, एक्सेस नियंत्रण और एन्क्रिप्शन समेत डेटा गवर्नेंस मानदंडों को परिभाषित करने के महत्व पर जोर दिया है। नियामक ने यह भी कहा है कि एआई और एमएल उपकरणों को ग्राहकों के किसी भी समूह के साथ पक्षपात या भेदभाव नहीं करना चाहिए।

सेबी ने इन दिशा-निर्देशों को तैयार करने और एआई और एमएल के इस्तेमाल से संबंधित चिंताओं को दूर करने के लिए एक कार्यसमूह का गठन किया है। नियामक ने कारोबारी परिचालन के लिए एक 'लाइट फ्रेमवर्क' का सुझाव दिया है, जो ग्राहकों को सीधे प्रभावित नहीं करता है। सेबी ने प्रस्तावों पर 11 जुलाई तक सार्वजनिक टिप्पणियां आमंत्रित की हैं।

# गैर-सूचीबद्ध एनएसई शेयर की खरीद में धोखाधड़ी का आरोप

**वित्तीय** सेवा फर्म ऑटम कैपिटल ने सुप्रीमस ऐंजल व अन्य के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें एनएसई के शेयर की खरीद में उन पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया है। 7 जून की अपनी शिकायत में ऑटम ने आरोप लगाया है कि एनएसई के करीब 5 लाख शेयरों की खरीद में उनके साथ धोखाधड़ी हुई, जिसकी कीमत 115 करोड़ रुपये है। सूत्रों ने कहा कि सुप्रीमस ऐंजल ने आरोपों से इनकार किया है और दावा किया है कि इस लेनदेन का कोई सबूत नहीं है। ऑटम ने इस बारे में जानकारी के लिए भेजे गए ईमेल का जवाब नहीं दिया, वहीं सुप्रीमस ने टिप्पणी से इनकार कर दिया। इस बीच, असूचीबद्ध बाजार में एनएसई के शेयरों की मांग में इजाफा देखा गया है और सार्वजनिक शेयरधारिता हाल में 1 लाख के पार चली गई है। *बीएस*

# टीपीजी ने बेची साई लाइफ की 10 फीसदी हिस्सेदारी

**प्राइवेट** इक्विटी फर्म टीपीजी एशिया ने शुक्रवार को साई लाइफ साइंसेज की 10 फीसदी हिस्सेदारी बेच दी। पीई प्रमुख ने 722 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से 2.08 करोड़ शेयर बेचकर 1,505 करोड़ रुपये जुटाए। खरीदारों में निप्पॉन इंडिया एमएफ, आदित्य बिड़ला सन लाइफ एमएफ और इनवेस्को एमएफ शामिल थे।

साई लाइफ के शेयर 7.4 फीसदी की बढ़त के साथ 783 रुपये पर बंद हुए। मार्च 2025 तिमाही के अंत में टीपीजी एशिया-7 एसएफ के पास कंपनी की 24.73 फीसदी हिस्सेदारी थी। हिस्सेदारी की बिक्री साई लाइफ के शेयरों पर आईपीओ लॉक अप समाप्त होने के एक दिन बाद हुई है। *बीएस*

## क्यूआईपी के बाद 4 फीसदी चढ़ा केन्स

केन्स टेक्नोलॉजी इंडिया के शेयर शुक्रवार को करीब 4 फीसदी बढ़कर 5,820 रुपये पर पहुंच गए। यह कंपनी द्वारा 1,600 करोड़ रुपये के पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) की पेशकश के एक दिन बाद हुआ। केन्स क्यूआईपी में 28.5 लाख नए शेयर जारी कर रही है। क्यूआईपी के लिए फ्लोर प्राइस 5,623 रुपये है। क्यूआईपी में जारी किए गए नए शेयरों का कारोबार 27 जून से शुरू होगा। मोतीलाल ओसवाल, ऐक्सिस कैपिटल और नोमूरा निवेश बैंकर हैं, जो शेयर बिक्री का काम संभाल रहे हैं। *बीएस*

# एरिसइन्फ्रा के आईपीओ को मिली 2.6 गुना बोली

**एरिसइन्फ्रा** सॉल्यूशंस के आईपीओ को शुक्रवार को 2.6 गुना बोली मिली, जो कि इश्यू का अंतिम दिन था। संस्थागत निवेशक की श्रेणी में 1.42 गुना, अमीर निवेशकों की श्रेणी में 3.14 गुना और खुदरा निवेशक की श्रेणी में 5.59 गुना आवेदन मिले। कंपनी ने अपने आईपीओ की कीमत दायरा 210 रुपये से 222 रुपये प्रति शेयर तय किया है। 499 करोड़ रुपये का आईपीओ पूरी तरह से नया इश्यू है। कंपनी निर्माण सामग्री के कारोबार में है और निर्माण सामग्री के लिए पूरी खरीद प्रक्रिया को सरल और डिजिटल बनाने पर ध्यान केंद्रित करती है। *बीएस*

### संभव स्टील के आईपीओ का कीमत दायरा 77 से 82 रुपये

संभव स्टील ट्यूब्स ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम का कीमत दायरा 77 से 82 रुपये तय किया है। 540 करोड़ रुपये के आईपीओ में 440 करोड़ रुपये का नया निर्गम और 100 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश शामिल है। न्यूनतम 182 इक्विटी शेयरों और 182 इक्विटी शेयरों के गुणक में बोली लगाई जा सकती हैं। एंकर निवेशक की बोली मंगलवार को होगी। आईपीओ बुधवार को खुलेगा और शुक्रवार को बंद होगा। *बीएस*


दिवाला और दिवालियापन संहिता, 2016 के तहत संपत्ति की बिक्री
ई-नीलामी बिक्री सूचना
श्री बांके बिहारी एक्सपोर्ट्स लिमिटेड (परिसमापन में)
परिसमापक: श्रीमती पूजा बाहरी (आईपी पंजीकरण संख्या: IBBI/IPA-003/IP-N00007/2016-2017/10063)
ईमेल: liquidation.shreebankeybehari@gmail.com, pujabahry@yahoo.com

**नीलामी की तिथि और समय: मंगलवार, 22 जुलाई, 2025 को दोपहर 12:00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक**
**ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि: 19 जुलाई 2025**

एतद्वारा सूचना दी जाती है कि माननीय राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण, प्रधान पीठ, नई दिल्ली ने संहिता की धारा 33 के तहत 13 मई, 2025 के आदेश के माध्यम से मैसर्स श्री बांके बिहारी एक्सपोर्ट्स लिमिटेड के परिसमापन को शुरू करने का आदेश दिया था।
इच्छुक व्यक्तियों/प्रतिभागियों से निम्नलिखित विवरण के अनुसार परिसमापक के कब्जे वाली निम्नलिखित परिसम्पत्तियों को 'जैसा है जहां है आधार', 'जो है यही है आधार, 'जो कुछ भी है वहीं है आधार' और ' आश्रय रहित आधार' पर विक्रय के लिए ई-नीलामी प्लेटफॉर्म https://baanknet.com के माध्यम से ऑनलाइन बोली जमा करने के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं:-

अनुसूची

| लॉट नं. | आस्तियों का विवरण | आरक्षित मूल्य (रू.) | जमा धरोहर राशि (ईएमडी) रू. | बोली वृद्धि राशि रू. | ई-नीलामी की तिथि एवं समय (प्रत्येक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ) | ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | भूमि और भवन जो औद्योगिक प्लॉट नंबर 2253-2257, सेक्टर 38, फेज II, एचएसआईआईडीसी इण्डस्ट्रीयल एस्टेट, फूड पार्क, राई, सोनीपत, हरियाणा में स्थित है। क्षेत्रफल 20,250 वर्गमीटर। | 72,09,23,527 | 5,00,00,000 (रू. 5 करोड़) | 10,00,000 (रू. दस लाख) | 22 जुलाई 2025 को दोपहर 12:00 बजे से 2:00 बजे तक (प्रत्येक 5 मिनट का असीमित विस्तार) | 19 जुलाई 2025 |

ई-नीलामी के नियम एवं शर्तें निम्न प्रकार हैं :
1. ई-नीलामी 'जहां है जैसा है', 'जो है जैसा है' और 'जो कुछ भी है' के आधार पर ई-नीलामी प्लेटफॉर्म https://baanknet.com के माध्यम से आयोजित की जाएगी।
2. संभावित बोलीदाताओं को बांकनेट नीलामी प्लेटफॉर्म (https://baanknet.com, https://ibbi.baanknet.com/eauction-ibbi/home) पर पंजीकरण करना होगा और इलेक्ट्रॉनिक नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से दिवाला और दिवालियापन संहिता की धारा 29 ए के तहत पात्रता की घोषणा सहित अपेक्षित दस्तावेज सावधानीपूर्वक जमा करने होंगे। (Asset ID: 2274)
3. कृपया ध्यान दें कि संभावित बोलीदाताओं को यह वचन देना होगा कि वे संहिता की धारा 29ए के तहत किसी भी तरह की अयोग्यता से ग्रस्त नहीं हैं और यदि किसी भी स्तर पर अयोग्य पाए जाते हैं, तो जमा की गई बयाना राशि जब्त कर ली जाएगी।
4. संभावित बोलीदाताओं को बांकनेट नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से बयाना राशि जमा करनी होगी। यह भी निर्दिष्ट किया गया है कि यदि बोलीदाता किसी भी मानदंड के तहत अयोग्य पाया जाता है, तो आईबीबीआई के परिपत्र संख्या आईबीबीआई/एलआईक्यू/84/2025 दिनांक 28 मार्च, 2025 के अनुसार ईएमडी जब्त कर ली जाएगी।
5. कृपया ध्यान दें कि ईएमडी (EMD) भुगतान **BAANKNET** पोर्टल के माध्यम से ई-वॉलेट में राशि जोड़कर और संबंधित नीलामी के लिए "**Participate**" बटन पर क्लिक करके किया जाना आवश्यक है। पात्र बोलीदाताओं के नाम परिसमापक द्वारा पहचाने जाएंगे और **www.baanknet.com** पोर्टल पर ऑनलाइन ई-नीलामी में भाग लेने के लिए सूचित किए जाएंगे। रुचि रखने वाले बोलीदाता को नीलामी पोर्टल पर अपना यूज़र आईडी और पासवर्ड बनाना होगा तथा अपना ईएमडी अमाउंट पोर्टल के ई-वॉलेट में जमा करना होगा। नीलामी पोर्टल के बारे में किसी भी प्रश्न के लिए, **BAANKNET** (बैंक एसेट नीलामी नेटवर्क) से संपर्क करें, ईमेल आईडी- support.baanknet@psballiance.com, मोबाइल नंबर: +91 8291220220, 9820878255, 9990605075, uday.jadhav@psballiance.com, swani.sharma@psballiance.com
6. नीलामी प्रक्रिया के सभी दस्तावेज बांकनेट पोर्टल पर अपलोड किए गए हैं और प्रतिभागियों को उन्हें डाउनलोड करना होगा तथा सभी दस्तावेज पोर्टल पर जमा करने होंगे।
7. बोलीदाताओं को अपनी बोली जमा करने से पहले कंपनी, संपत्तियों, आकस्मिक लागतों, यदि कोई हो, के बारे में अपने स्वयं के खर्च पर स्वतंत्र जांच करनी चाहिए तथा स्वयं को संतुष्ट करना चाहिए।
8. सफल बोलीदाता इस ई-नीलामी के तहत बिक्री इकाई से संबंधित लागू स्टाम्प शुल्क, कानूनी लागत, हस्तांतरण शुल्क और फीस, जीएसटी और अन्य करों के लिए और दस्तावेज़ी प्रक्रिया को पूरा करने के लिए जिम्मेदार होगा। सफल बोलीदाता को नीलामी में रखी गई संपत्ति/आस्ति के संबंध में लागू स्टाम्प शुल्क/हस्तांतरण शुल्क, फीस आदि और सभी वैधानिक/गैर-वैधानिक बकाया, कर, दरें, मूल्यांकन शुल्क, फीस आदि का वहन करना होगा। संपत्ति/आस्ति पर देय और देय कोई भी वैधानिक और अन्य बकाया लागू कानून के प्रावधानों के अनुसार क्रेता द्वारा वहन किया जाएगा।
9. आईबीबीआई (परिसमापन प्रक्रिया), विनियम, 2019 की अनुसूची I के पैराग्राफ 12 के अनुसार, नीलामी के समापन पर, उच्चतम बोलीदाता को ऐसी मांग की तारीख से 90 दिनों के भीतर शेष बिक्री प्रतिफल प्रदान करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। बशर्ते कि तीस दिनों के बाद किए गए भुगतान पर 12% की दर से ब्याज लगेगा। आगे यह भी प्रावधान है कि यदि 90 दिनों के भीतर भुगतान प्राप्त नहीं होता है तो बिक्री रद्द कर दी जाएगी {एससीसी ने निर्णय लिया है कि शेष बिक्री प्रतिफल के भुगतान की समय अवधि (जैसा कि अनुसूची I के पैरा 1 के खंड (12) में प्रदान किया गया है), नब्बे दिनों से आगे नहीं बढ़ाई जाएगी।
आईबीबीआई (परिसमापन प्रक्रिया) विनियमों के अनुसूची-I के अनुसार, सर्वोच्च बोलीदाता की घोषणा के तीन दिनों के भीतर, परिसमापक को ड्यू डिलिजेंस (यथायोग्य जांच) करनी होगी और सर्वोच्च बोलीदाता की पात्रता की पुष्टि करनी होगी। परिसमापक को नीलामी परिणाम, सर्वोच्च बोलीदाता का विवरण, और उस पर की गई ड्यू डिलिजेंस की रिपोर्ट विनियम 31ए के तहत गठित परामर्श समिति को प्रस्तुत करनी होगी। परिसमापक, परामर्श समिति से विचार-विमर्श के बाद, सर्वोच्च बोलीदाता को सफल बोलीदाता घोषित कर सकता है या उसकी बोली को अस्वीकार भी कर सकता है। यदि कोई बोलीदाता अपात्र पाया जाता है, तो उसके द्वारा जमा की गई बयाना राशि (**EMD**) जब्त कर ली जाएगी। यदि सर्वोच्च बोलीदाता अपात्र पाया जाता है, तो परिसमापक, परामर्श समिति से विचार-विमर्श कर, दूसरे सर्वोच्च बोलीदाता को सफल बोलीदाता घोषित कर सकता है, बशर्ते कि उसी प्रक्रिया का पालन किया गया हो जैसा कि अनुसूची-I के धारा (12ए) से (12ई) में उल्लेखित है।
पूर्ण भुगतान प्राप्त होने पर विक्रय प्रक्रिया पूर्ण मानी जाएगी, और परिसमापक द्वारा विक्रय प्रमाणपत्र या विक्रय विलेख (**Sale Deed**) निष्पादित कर संपत्तियों का हस्तांतरण किया जाएगा। संपत्तियों का सुपुर्दन विक्रय की शर्तों में निर्दिष्ट तरीके से किया जाएगा।
10. यह स्पष्ट किया जाता है कि यह निमंत्रण केवल संभावित बोलीदाताओं को आमंत्रित करने के उद्देश्य से जारी किया गया है और इससे परिसमापक या कंपनी पर विक्रय को निष्पादित करने की कोई विधिक बाध्यता नहीं बनती। परिसमापक को यह अधिकार सुरक्षित है कि वह ई-नीलामी प्रक्रिया को किसी भी समय रद्द या संशोधित कर सकता है, तथा किसी भी इच्छुक पक्ष/संभावित निवेशक/बोलीदाता को बिना कोई कारण बताए और बिना किसी उत्तरदायित्व के अस्वीकार या अयोग्य घोषित कर सकता है।
11. उपरोक्त संपत्तियों से संबंधित दस्तावेजों का निरीक्षण संभावित बोलीदाताओं द्वारा पूर्व नियुक्ति के साथ श्रीमती पूजा बाहरी +91 9811071716 से संपर्क करके किया जा सकता है।
12. नीलामी के विवरण/नियमों और शर्तों के लिए कृपया संपूर्ण ई-नीलामी प्रक्रिया दस्तावेज/ई-नीलामी प्रक्रिया ज्ञापन देखें।
13. बिक्री दिवाला और दिवालियापन संहिता 2016 और विनियमों के प्रावधानों के अधीन होगी।

दिनांक: 21 जून, 2025
स्थान: दिल्ली

पूजा बाहरी
श्री बांके बिहारी एक्सपोर्ट्स लिमिटेड (परिसमापन में) के परिसमापक
आईपी पंजीकरण सं. IBBI/IPA-003/IP-N00007/2016-2017/10063
AFA No AA3/10063/02/311225/301226 31/12/2025 तक वैध
59/27, प्रभात रोड, न्यू रोहतक रोड, नई दिल्ली- 110005, फोन: 9811071716
ईमेल: liquidation.shreebankeybehari@gmail.com, pujabahry@yahoo.com



**MIRZA INTERNATIONAL LIMITED**
CIN: L19129UP1979PLC004821
Registered Office: A-71, Sector-136, Noida, Uttar Pradesh - 201301
Tel.: +91 0120 7158766
Website: www.mirza.co.in; E-mail:compliance@mirzaindia.com

**NOTICE**
**(For attention of Equity Shareholders of the Company)**
**Transfer of Equity Shares of the Company to the**
**Demat Account of Investor Education and Protection Fund ("IEPF") Authority**

This notice is published pursuant to the provisions of the Investor Education and Protection Fund Authority (Accounting, Audit, Transfer and Refund) Rules, 2016 ("Rules") notified by Ministry of Corporate Affairs and amendments made there to. As per Section 124(6) of the Companies Act 2013, read with the aforesaid Rules, all shares in respect of which dividends declared by the Company has not been claimed or remained unpaid for seven consecutive years or more are required to be transferred by the Company to IEPF Authority.

In accordance with the various requirements as set out under the aforesaid Rules, the Company has communicated individually to the Shareholders, who have not claimed their dividends for Financial Year 2017-18 and onwards and consequently whose shares are liable to be transferred to IEPF Authority during the Financial Year 2025-26, through speed post through letter dated June 11, 2025 for claiming such dividends on or before October 1, 2025.

The Company has uploaded the details of such Shareholders and Shares due for transfer to IEPF Authority on its website www.mirza.co.in. Such Shareholders are requested to verify the details of the Unclaimed dividend and shares liable to be transferred to IEPF Authority. The Shareholders who have not claimed their dividends for the Financial Year 2017-18 and onwards are requested to claim their dividends expeditiously. In case the shareholders fails to claim the above unclaimed dividend on or before October 1, 2025, the Company will proceed to transfer the underlying Equity Shares of the Company, registered in the name of the Shareholder to the credit of the IEPF Authority on its due date.

Shareholders may note that both the unclaimed dividend and shares transferred to IEPF Authority including all benefits accruing on such shares, if any, can be claimed back from IEPF Authority after following the procedure under the aforesaid Rules, as amended from time to time.

The Concerned Shareholders holding shares in physical form may note that the Company would be issuing Duplicate Share Certificate(s) in lieu of the Original Shares Certificate(s) held by Shareholder(s) for the purpose of transfer of shares to IEPF Authority as per the aforesaid Rules and upon such issue, the Original Share Certificate(s) which stand registered in their name will stand automatically cancelled and be deemed non-negotiable. Further, the concerned Shareholders who are holding shares in a dematerialized form may note that as per the aforesaid Rules, the Company would be issuing instruction(s) to concerned Shareholder's Depository Participants for the purpose of transfer of their shares to IEPF Authority.

The Shareholders may further note that the details uploaded by the Company on its website should be regarded and shall be deemed to be adequate notice in respect of issue of Duplicate Share Certificate(s) by the Company and issuing of instruction(s) to Depository Participants for the purpose of transfer of shares to IEPF Authority, pursuant to the aforesaid Rules.

In case of any queries, please contact the Registrar and Share Transfer Agent of the Company i.e., Kfin Technologies Limited at Selenium, Tower B, Plot 31 & 32, Gachibowli, Financial District, Nanakramguda, Hyderabad- 500032, Phone: 040- 67162222 or 18003454001 (toll free) or e-mail: einward.ris@kfintech.com.

For **Mirza International Limited**
**Sd/-**
**(Harshita Nagar)**
**Company Secretary & Compliance Officer**

Date : June 20, 2025
Place : Noida